LUCKNOW, FRIDAY SEPTEMBER 21, 2018; PAGES 16 ₹3

the pioneer

# 9 SMS students obtain positions in top 10 merit list of MGKV

**VARANASI:** Nine meritorious students of School of Management Sciences (SMS), Varanasi have obtained remarkable positions in the 'Top 10 Merit List' of Mahatma Gandhi Kashi Vidyapeeth (MGJV) for session 2017-2018. Jyoti Chaubey, a Bachelor of Business Administration Course (BBA), 2015- 2018 pass-out of the SMS who bagged the first position in the Top-10 List of the MGKV was felicitated by the Governor and Chancellor of the university Ram Nayik in the 40th convocation ceremony recently. Eight other meritorious students of the Top-10 list were also felicitated with degrees and awards in the convocation function. In BBA 2015-2018 pass-out batch, Jyoti Chaubey (First position), Garima Kaj (Seventh Position) and Raj Lakshmi (Ninth position) stood positions in the Top-10 list of successful examinees whereas in BCA course, Samarth Saxena (Third Position), Priya Priyadarshini (Fourth position), Muskan Gupta (Fifth Position), Avnish Kumar (Sixth Position), Falguni Moitra (Eighth position) and Ruchi Gupta (Tenth Position) also stood positions in the Top-10 list.

The Director of the institute, Prof PN Jha has congratulated the students for their outstanding performances and called upon them to keep it up.

# दैनिक जागरण

वाराणसी, 21 सितंबर 2018

## एसएमएस की छात्रा राज्यपाल द्वारा सम्मानित

जासं, वाराणसी : स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेस के नौ छात्र-छात्राओं ने काशी विद्यापीठ की वार्षिक परीक्षा में टॉप-10 की सूची में स्थान प्राप्त किया। विद्यापीठ के 40 वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि राज्यपाल राम नाइक ने प्रथम स्थान पाने वाली बीबीए की ज्योति चौबे को डिग्री व गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया। संस्थान के निदेशक प्रो. पीएन झा ने छात्र-छात्राओं को बधाई दिया।

# अमर उजाला

शुक्रवार, 21 सितंबर 2018

## एसएमएस की बीबीए छात्रा को गोल्ड मेडल

**वाराणसी।** स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेस (एसएमएस) के नौ छात्र-छात्राओं ने महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के सत्र 2017-18 की वार्षिक परीक्षा के टॉप-10 की सूची में स्थान बनाया है। विद्यापीठ के 40वें दीक्षांत समारोह में विवि के कुलाधिपति सह राज्यपाल राम नाईक ने टॉप-10 की सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली एसएमएस की बीबीए की छात्रा ज्योति चौबे को डिग्री एवं गोल्ड मेडल प्रदान किया। संस्थान के अन्य 8 विद्यार्थियों को भी डिग्री व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। संस्थान के निदेशक प्रो. पीएन झा ने बधाई दी।

पायनियर

लखनऊ, शुक्रवार, 21 सितंबर, 2018

# टॉप टेन की सूची में पहले स्थान पर आई ज्योति चौबे सम्मानित

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के 40वें दीक्षांत समारोह में मुख्य आतिथि एवं कुलाधिपति तथा राज्यपाल रामनाईक ने टॉप-10 की सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बीबीए पाठ्यक्रम की ज्योति चौबे को डिग्री एवं गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (एसएमएस)

## राज्यपाल ने दी डिग्री व गोल्ड मेडल

वाराणसी के नौ छात्र-छात्राओं ने महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की सत्र 2017-18 की वार्षिक परीक्षा में टॉप-10 की सूची में स्थान प्राप्त कर एक बार पुनः एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। संस्थान के बीबीए पाठ्यक्रम की ज्योति चौबे प्रथम, गरिमा राज द्वितीय स्थान, राजलक्ष्मी को 9वां स्थान, तथा बीसीए पाठ्यक्रम में समर्थ सक्सेना तृतीय स्थान, फाल्गुना मोइत्रा को 8वां एवं रूचि गुप्ता ने 10 वॉं स्थान ने भी विश्वविद्यालय में टॉप-10 की सूची में अपना स्थान बनाया है। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो. पीएन झा ने सभी छात्र-छात्राओं को डिग्री एवं पुरस्कार प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई दी।

inext
दैनिक जागरण
Varanasi, 21 September 2018

# SMS की स्टूडेंट्स गवर्नर से सम्मानित

» काशी विद्यापीठ के एनुअल एग्जाम में टाप 10 की लिस्ट में बनाया स्थान

varanasi@inext.co.in

**VARANASI (20 Sept):** स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज के नौ स्टूडेंट्स ने महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के एनुअल एग्जाम में टाप 10 की लिस्ट में स्थान प्राप्त कर एक बार फिर नया कीर्तिमान स्थापित किया है. यूनिवर्सिटी के 40वें दीक्षांत समारोह में चीफ गेस्ट गवर्नर व चांसलर राम नाईक ने बीबीए की लिस्ट में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली ज्योति चौबे को डिग्री व गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया. वहीं संस्थान के टॉप 10 लिस्ट के आठ अन्य स्टूडेंट्स को भी डिग्री व पुरस्कार देकर सम्मानित किया. बीबीए कोर्स की ज्योति चौबे प्रथम, गरिमा राज 7वां व राजलक्ष्मी ने 9वां तथा बीसीए के समर्थ सक्सेना तृतीय, प्रिया प्रियदर्शिनी चतुर्थ, मुस्कान गुप्ता 5वां, अवनीश कुमार 6वां, फालगुनी मोइत्रा 8वां एवं रुचि गुप्ता ने 10वां स्थान प्राप्त किया है. डायरेक्टर प्रो. पीएन झा ने दीक्षांत समारोह में डिग्री व पुरस्कार प्राप्त करने पर बधाई देने के साथ ही इन स्टूडेंट्स के ब्राइट फ्यूचर की कामना की.